## संक्षिप्त

### कैंसर जांच के लिए मोबाइल वैन की पहल

**हनुमानगढ़।** कैंसर की समय रहते पहचान एवं प्राथमिक इलाज के लिए मोबाइल कैंसर निदान वैन के माध्यम से जिले में 21 से 25 अप्रैल तक पांच जांच शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें कैंसर को लेकर जागरूकता के प्रयास भी किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि 21 से 25 अप्रैल तक जिले में मोबाइल कैंसर निदान वैन के जरिए पांच जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर हनुमानगढ़ टाउन स्थित एमजीएम राजकीय जिला चिकित्सालय, सीएचसी रावतसर, सीएचसी संगरिया, सीएचसी पीलीबंगा एवं सीएचसी पल्लू में आयोजित किए जाएंगे। शिविर में ओपीडी समय के दौरान ही मौके पर मैमोग्राफी, सीबीई, ओरल विजुअल एग्जामिनेशन, डिजिटल एक्स-रे, कोल्पोस्कोप, वीआईए, बीपी, आरबीएस आदि जांच की निशुल्क व्यवस्था रहेगी। मोबाइल वैन पर गले, बच्चेदानी के मुंह, ब्रेस्ट और फेफड़ों के कैंसर की जांच के सभी उपकरण मौजूद हैं।

### बच्चों को मिली मुफ्त शिक्षा सामग्री

**हनुमानगढ़,** जिले के रावतसर में गौतम ईंट उद्योग परिसर स्थित निशुल्क स्कूल में प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों को कॉपियां, किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की। गोयल ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा में योगदान देने का आव्हान किया। कार्यक्रम में बच्चों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे गए। सही जवाब देने वाले बच्चों को चॉकलेट और मिठाई देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता एम.एल. शर्मा, दिनेश नैन, विश्वास गोयल, उद्योग संचालक श्रवण शर्मा, सुरेंद्र शर्मा और शिक्षक उस्मान खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जारी रखने पर जोर दिया।

### राजसिंह ट्रॉफी में करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**हनुमानगढ़,** ग्राम रामबास के युवा क्रिकेटर अभिमन्यु चौधरी का राजस्थान क्रिकेट संघ की अंडर-14 टीम में चयन हुआ है। राजस्थान क्रिकेट में हनुमानगढ़ के भादरा उपखंड से एक नया सितारा उभर कर सामने आया है। ग्राम रामबास के युवा क्रिकेटर अभिमन्यु चौधरी का राजस्थान क्रिकेट संघ की अंडर-14 टीम में चयन हुआ है। सुनील कुमार और सुशीला के पुत्र अभिमन्यु प्रतिष्ठित राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ के सचिव मनीष धारणिया के अनुसार, अभिमन्यु ने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, चैलेंजर ट्रॉफी और प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लिए। अभिमन्यु की बदौलत हनुमानगढ़ की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। राजस्थान की 16 सदस्यीय टीम देहरादून पहुंच चुकी है। वहां राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी का आयोजन होगा।

### कैप्सूल पेसमेकर से मिली नई जिंदगी

**श्रीगंगानगर,** नाथांवाला स्थित एसएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एक एनआरआई मरीज को कैप्सूल पेसमेकर डालकर नई जिंदगी दी गई है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश आसेरी ने बताया कि यह एनआरआई मरीज 86 वर्षीय जगीर सिंह अमेरिका से अपने गांव 6 एनएन में पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। लेकिन ये हार्ट की समस्या के चलते रोजाना डायलिसिस लेते थे। इनकी 11 मार्च को तबीयत बिगड़ी और इन्हें इस हॉस्पिटल में लाया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर विकास सिहाग ने बताया की यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे डॉक्टरों और स्टाफ ने मरीज की जान बचाई है। यह तकनीक इतनी सुरक्षित और प्रभावी है कि पेसमेकर प्रत्यारोपण के अगले दिन ही मरीज को छुट्टी मिल गई।

### नोखा में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**नोखा,** जिले के नोखा में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। नोखा विधायक सुशीला डूडी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी के आवास से शुरू हुआ मार्च तहसील चौराहे तक पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।

# 'युवा प्रतिभाओं ने बीकानेर की समृद्ध कला परंपरा को नवीन ऊंचाइयां प्रदान की है'



डॉ. गोयल ने दो दिवसीय 'युवा कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया।

■ दो दिवसीय 'युवा कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन

**बीकानेर ,** राजस्थानी साफा-पाग, कला संस्थान एवं थार विरासत की ओर से नगर स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजनों की श्रृंखला में 537वें स्थापना दिवस पर आयोजित 7 दिवसीय 'उछब थरपणा' के तहत आज समारोह के छठे दिन दो दिवसीय 'युवा कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन नत्थूसर गेट बाहर लक्ष्मीनाराण रंगा सृजन सदन में हुआ।

'युवा कला प्रदर्शनी' के मुख्य अतिथि डॉ. नितिन गोयल निदेशक अभिलेखागार ने उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुखद अवसर है कि बीकानेर की युवा प्रतिभाएं हमारी लोक परंपरा, लोक संस्कृति एवं लोक कलाओं की समृद्ध परंपरा से जुड़े रहकर बीकानेर की समृद्ध कला साधना को नवीन ऊंचाइ्यां प्रदान की है। डॉ. गोयल ने आगे कहा कि परंपरा संस्कृति और कला हमारी भाषा को भी अप्रत्यक्ष रूप से समृद्ध करती है। अतः हमें हमारे गौरवशाली अतीत से वर्तमान दौर तक विभिन्न कलाओं को समसामयिक संदर्भ में ढालते हुए मूल संरचना को जिंदा रखनी होगी।

कला एक व्यापक शब्द है जिसका उपयोग रचनात्मक या कल्पनाशील प्रतिभाओं का उपयोग करके बनाए गए विभिन्न को दर्शाने के लिए किया जाता है जिनमे एक सार्थक अनुभव उत्पन्न करने की उम्मीद होती है, इन्हीं उम्मीदों पर यह कला प्रदर्शनी खरी है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण युवा प्रतिभाओं द्वारा विभिन्न कलाओं का मन मोहक का चित्रण है।

रंगा ने आगे कहा कि दो दिवसीय 'युवा कला प्रदर्शनी' की विशेषता यह रही कि इसमें बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी कला हुनर को रंग की रंगत और भावनाओं की संगत से परवान चढ़ाया है। जिससे बीकानेर की लोक कला एवं विभिन्न कलाओं का भविष्य बीकानेर की नई प्रतिभाओं के माध्यम से और नए आयाम स्थापित करेगा।

कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ कला विशेषज्ञ डॉ. राकेश किराड़ू ने बताया कि दो दिवसीय कला प्रदर्शनी एक नवाचार है। क्योंकि इसमें 20 कलाओं यथा राजस्थानी आर्ट, पोट्रेट, उस्ता आर्ट, मॉर्डन आर्ट, मधुमनी आर्ट, बणीथणी आर्ट, फड़ आर्ट, पिछवाई आर्ट, स्कैच आर्ट, कैंडल आर्ट, बुल आर्ट, मथेरन आर्ट, साफा-पाग, पगड़ी और चंदा आर्ट, परंपरागत आर्ट, मिनीएचर आर्ट का शानदार एवं महत्वपूर्ण प्रदर्शन युवा प्रतिभाओं ने किया है जो अपने आप में बीकानेर के कला इतिहास में एक ऐतिहासिक घटना है। उछब थरपणा समारोह के संयोजक वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी एवं शिक्षाविद् राजेश रंगा ने कहा कि हमारी कलाएं और लोककलाएं पूरे देश में विशेष पहचान रखती है।

## पुलिस ने 71 वर्षीय बुजुर्ग को दिलाई पूरी रकम

**सूरतगढ़।** सदर थाना पुलिस ने गूगल पे पर गलत नंबर लगने से हुए ट्रांजेक्शन के 30 हजार रुपए रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। थानाधिकारी रामकुमार लेघा ने देर शाम बताया कि 11 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा संचालित एमएचए साइबर पुलिस पोर्टल पर परिवादी सीताराम (71) पुत्र धुड़ाराम भार्गव, निवासी हाल 28 पीबीएन की ओर से शिकायत दर्ज करवाई गई। साथ ही थाने पहुंचकर बताया कि 9 अप्रैल को वह किसी परिचित को गूगल पे से 30 हजार रुपए ट्रांसफर कर रहा था, लेकिन मोबाइल नंबर का एक अंक गलत डालने के कारण रुपए किसी और के खाते में ट्रांसफर हो गए। इस गलत ट्रांजेक्शन की रिपोर्ट एमएचए पोर्टल के टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज करवाई गई। मामले की जांच करते हुए सिपाही सूर्यप्रकाश व विद्याधर ने सबसे पहले परिवादी सीताराम भार्गव से खाता संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की और संबंधित बैंक के नोडल अधिकारियों से पत्राचार कर संबंधित बैंक खाता सीज/ब्लॉक करवाते हुए राशि को होल्ड करवा दिया।

# विरासत से हम है, विरासत नहीं तो हम नहीं : रतनूं


इन्टेक और रोटरी क्लब द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हिंगलाज दान रतनू।

■ इन्टेक और रोटरी क्लब द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी व संवाद

**बीकानेर ।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर इनटेक बीकानेर चेप्टर और रोटरी क्लब सुप्रीम के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठि व संवाद रोटरी क्लब सभागार में आयोजित किया गया। संगोष्ठि के समन्वयक और दोनों संस्थाओं के कन्वीनर पृथ्वीराज रतनू ने बताया कि कार्यक्रम समाजसेवी व रोटरी क्लब के पूर्व प्रांतपाल राजेश चूरा , कोषाध्यक्ष मनमोहन कल्याणी कोलकाता के जनसम्पर्क अधिकारी हिंगलाज रतनु और रोटरी क्लब पूर्व प्रांतपाल माहेश्वरी की उास्थिति में हुआ। संयोजक रतनू ने इनटेक के द्वारा धरोहर और संस्कृति के पुनरुथान के लिए किये जा रहे ठोस कार्यों की जानकारी दी आज विश्व धरोहर दिवस पर यूनेस्को ने भारत के आध्यात्मिक ग्रन्थ गीता और भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को विश्व धरोहर में शामिल कर लिया है जो भारतीय साहित्यिक सांस्कृतिक धरोहर को सही पहचान दिलवाने वाली बात है।

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान के डॉ. किशनलाल विश्नोई ने जाम्बोजी के लोक साहित्य जम्भ वाणी पर अपनी बात कहते हुए राजस्थानी लोक संस्कृति और विरासत को अध्यात्म से जोड़ा। उन्होंने कहा विरासत के संरक्षण की बात अतीत से चलती हुई आ रही है। उन्होंने गुरु वाणियों के माध्यम से इस बात पर प्रकाश डाला। डॉ. मंजू ने कहा कि अलवर की मत्स्य की मीरा के भक्ति गीत पौराणिक होने के बाद आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा मत्स्य मीरा के भक्ति गीत आज हमारी विरासत है। श्रीमती सुधा आचार्य ने पौराणिक लोक गीतों के संरक्षण की बात की और कहा ये लुप्त होते जा रहे हैं। हमें अनके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। संस्कृति मंत्रालय के सीनियर फैलो डॉ. रीतेश व्यास ने जल संरक्षण एवम् प्रबंधन विषय पर अपनी बात रखते हुए वर्तमान समय में इनकी प्रासंगकिता पर जोर दिया।

# चाईनीज मांझे का बहिष्कार करने की दिलाई शपथ


चाईनीज मांझे का बहिष्कार करने की विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

**बीकानेर,** । स्थानीय शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय तथा करूणा इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आज शाला परिसर में चाईनीज मांझे के बहिष्कार को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शाला की करूणा क्लब टीम और स्काउट गाइड सदस्यों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करूणा इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र के शिक्षा अधिकारी घनश्याम साध थे जिन्होंने इस अवसर पर बच्चों को चाईनीज मांझे से हो रहें नुकसान की जानकारी दी। अपनी बात रखते हुए उन्होंने विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से चाईनीज मांझे के कारण जो दुर्घटनाएं हो रही है उनका प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए करुणा इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र के सचिव राजेश रंगा ने करुणा इंटरनेशनल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बच्चों से चाईनीज मांझे का बहिष्कार करने की मांग करते हुए बच्चों को बताया, यदि आपके आस-पास कोई चाईनीज मांझा बेच रहा है या चाईनीज मांझे से पतंग उड़ा रहा है तो आप प्रशासन को या करुणा इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र को सूचना दे, जिससे हम प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अपने संबोधन के दौरान बताया कि पतंग कटने पर धागे को चरखी में जरूर समेटे उसको तोड़के न छोड़े और उलझे हुए अन्य मांझो को नष्ट करने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आज सुबह शाला की करूणावान छात्रा मानवी सोलंकी अपने घर से जब स्कूल आ रही थी तो रास्ते में मांझे से उलझे हुए कबुतर को देखा और तुरन्त उसकी सूचना शाला के कब मास्टर रमेश कुमार मोदी को दी और उनके साथ मिलकर कबुतर के बच्चे को उलझे मांझे से छुड़ाया।

आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि घनश्याम साध और राजेश रंगा की उपस्थिति में कबुतर को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। उपस्थित सभी ने मानवी सोलंकी द्वारा किए गए करूणा कार्य को सराहनीय बताते हुए उसकी प्रशंसा व्यक्त की। साथ ही बताया कि कबूतर के बच्चे को अंत में पशु चिकित्सालय में उपस्थित सुमित पुरोहित को सौंप दिया गया। कार्यक्रम के अंत में शाला के कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने विश्व लीवर दिवस की जानकारी भी दी। करूणा क्लब के प्रभारी सौरभ बजाज ने चाईनीज मांझे के बहिष्कार करने पर विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से अपने विचार रखे। सभी बच्चों को चाईनीज मांझे का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने किया। सभी का आभार शाला प्रधान हनुमान छींपा ने ज्ञापित किया।

## ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसाइटी का वार्षिक समारोह मनाया

**बीकानेर ,** ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसाइटी का चौदहवां वार्षिक समारोह एंव होली स्नेह मिलन समारोह ब्राह्मण स्वर्णकार पंचायत भवन में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलाल पुत्र स्व. झंवरलाल कट्टा ने कहा इसे आयोजनों से समाज सुसंगठित होता है विशिष्ट अतिथि गुलाबचंद पुत्र स्व. मेघराज बुच्चा ने कहा वर्ष में ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए ताकि समाजजन एक दुसरे के मनोभावों को जान सके विशिष्ट अतिथि पूनमचंद मंडोरा पुत्र स्व. फ़तेहचंद मंडोरा ने कहा कि पेंशनधारियों का यह संगठन समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है, युवाओं को सरकारी सेवाओं हेतु प्रेरित कर रहा है, यह भुत बड़ी बात है इससे पहले अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किय संगीतकार ज्ञानेश्वर सोनी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की सचिव प्रेमप्रकाश महेचा ने सोसाइटी के विगत वर्ष के कार्यों का व भविष्य के कार्यों की रुपरेखा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया होली स्नेह मिल्न के अंतर्गत ज्ञानेश्वर सोनी, ज्ञानू मीनाकार, पवन सोनी (मस्त पवन) व राधाकिशन भजूड़ की सस्वर गीतों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का दिल जीत लिया मंच संचालन करते हुए राजाराम स्वर्णकार ने अपनी रचनाओं से सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया समाज के अन्य विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का भी माल्यार्पण से बहुमान किया गया।

कोषाध्यक्ष प्रेमरतन सोनी ने गत वर्ष का आय – व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया शंकरलाल कट्टा ने सोसाइटी के फैमिली पेंशनर्स को नियमित पेंशनर्स बनाने के लिये संविधान संशोधन का विवरण प्रस्तुत किया जिसका सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया ।

कन्हैयालाल सोनी व मोतीचंद सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये महावीर जयंती पर दिल्ली में आयोजित णमोकार मंत्र प्रस्तुति कार्यक्रम जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित थे उसमें स्वर्णकार समाज के युवा गायक गौरीशंकर सोनी ने अपने छः सहयोगियों के साथ प्रस्तुति देकर बीकानेर समाज को गर्वित किया उनका सम्मान किया गया गौरीशंकर सोनी ने राजाराम स्वर्णकार के लिखे गीत 'एकर आवो नी गौरी पैरावो गळ बावाँ रो हार' की सस्वर संगीतमयी प्रस्तुति देकर तालियाँ बटोरी । अंत में दिवंगत सदस्यों के लिये दो मिनट का मौन रखा गया सोसाइटी अध्यक्ष बृजरतन सोनार ने कार्यक्रम में पधारे सभी महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# पीबीएम में मरीजों का ब्लड सैम्पल दो बजे तक लिया जाएगा


माइक्रोबॉयलॉजी, बायाकैमेस्ट्री, पैथोलॉजी एवं सर्जरी विभाग की बैठक लेते प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ।

■ प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने ली माइक्रोबॉयलॉजी, बायाकैमेस्ट्री, पैथोलॉजी एवं सर्जरी विभाग की बैठक

**बीकानेर,** । सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने पीबीएम अस्पातल की व्यवस्थाएं बेहतर बनाने तथा और अधिक कुशल प्रबंधन किये जाने की दिशा मे शनिवार को प्राचार्य द्वारा चार विभागों का पूरा होमवर्क कर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक लगातार माइक्रोबॉयलॉजी, बायाकैमेस्ट्री, पैथोलॉजी एवं सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्षों, नोडल अधिकारियों के साथ बैठक ली।

बैठक के दौरान प्राचार्य डॉ. सोनी ने विभागाध्यक्षों को कहा कि आप अपने विभाग के विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं साथ ही मरीजों को उपचार के दौरान कोई कमी नहीं आनी चाहिए यदि किसी संसाधनों की कमी रहती है तुरंत प्रपोजल बनाकर भेजें उसे त्वरित गति से पूर्ण कराया जाएगा।

बैठक में लिए महत्वपूर्ण निणर्य में ओपीडी मरीजों का ब्लूड सैम्पल अब दोपहर 2 बजे तक लिया जाएगा .जहां तक संभव हो मरीजों को जांच रिपोर्ट उसी दिन ही दी जाएगी बिना किसी पूर्व सूचना के कोई भी डॉक्टर अवकाश पर नहीं जाए, ऐसा होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी .फण्ड की कमी से किसी भी विभाग का कोई कार्य नहीं रूके, ऐसे कार्यों का तुरंत प्रपोजल भिजवाया जाए . सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में ओपीडी मरीजों के लिए भी अब दोनों शिफ्ट में होगी सीटी स्कैन और एमआरआई जांच स्टाफ एवं फैकल्टी की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव सफाई ठेकेदार को सफाई व्यवस्था और अधिक प्रभावी ढंग से करने को कहा सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष को मरीजों के लिए आईडी मार्क सिस्टम डवलप करने की सलाह दी ईएमडी प्रभारी डॉ. जितेन्द्र आचार्य को निर्देश दिए की ओटी एवं ओपीडी में कोई भी वायर खुला न रहे, प्रोपर फिटिंग सुनिश्चित करवाए आपातकलिन प्रकृति की जांचे अर्जेण्ट लिख कर लैब में भेजी जाएगी

हीटवेव को देखते हुए पीबीएम अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए जिला उद्योग संघ के डीपी पच्चीसीया की प्रेरणा से पीबीएम अस्पताल के समस्त कूलर की रिपेयरिंग के लिए बीकानेर कूलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष केके मेहता के नेतृत्व में मरम्मत संबंधित सभी सामग्री उपलब्ध करवायी जा रही है, यह कार्य ईएमडी प्रभारी डॉ. जितेन्द्र आचार्य की देखरेख में किया जा रहा है।

बैठक में अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. रेखा आचार्य ,पीबीएम उपाध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर जोशी, कॉर्डिनेटर डॉ. गौतम लुणिया, डॉ. तरूणा स्वामी, डॉ. अनीता वर्मा, डॉ. डीपी सोनी, डॉ. मनोहर लाल दवां, डॉ. सुरेन्द्र जीनगर, डॉ. रिद्धिमा गुप्ता, डॉ. सचिन बांठिया, डॉ. दीपशिखर आचार्य, डॉ. अजय श्रीवास्तव, निजी सहायक विनय गोस्वामी, डॉ. शकील, डॉ. एलके कपिल, डॉ. मो. सलिम, डॉ. अशोक लुणिया, डॉ. दीवान जाखड, डीसीएनएस आदराम, सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र, एमबबीए व्यवस्थापक निलेश, रमजान, वारिस तथा प्रवीण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भामसं जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न

**बीकानेर ।** भारतीय मजदूर संघ बीकानेर जिला की कार्यसमिति बैठक आज सार्वजनिक निर्माण विभाग जिला कार्यालय पर प्रारम्भ हुई। बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेखा पंडित ने कि जिला मंत्री दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि यह जिला कार्यसमिति कि विस्तारित बैठक थी जिसमें प्रदेश भामसं की पूरे साल के कार्यक्रम के क्रियान्वयन कि योजना पर पूरा ध्यान रहा। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक शिवकुमार व्यास ने बताया वर्ष भर में असंगठित क्षेत्र में कुल 10 नई यूनियन का पंजीयन करवाया जाएगा जिला का. अध्यक्ष शिवदत्त गौड़ ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के 6 उत्सव को प्रत्येक इकाई को पूरे उत्साह से सम्पन्न करना चाहिए आगामी 17 सितम्बर 2025 विश्वकर्मा जयन्ति पर सभी तहसीलों में रैली का आयोजन करने की रूपरेखा बनाई गई।इसी के साथ आगामी वर्ष में 45 वर्ष तक के युवाओ का अभ्यास वर्ग माह अगस्त 2025 संभागवार होंगे एवं 2 दिवसीय महिला अभ्यास वर्ग सितंबर में होंगे। जिला अध्यक्ष रेखा पंडित ने कहा कि आगामी वर्ष में बीकानेर जिले की सभी तहसील में कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।बैठक की संपूर्ण व्यवस्था के लिए पूरी कार्यसमिति ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के महामंत्री राजेन्द्र सेवग एवं पूरी टीम का अभिवादन किया।

### ऑनलाइन आवेदन 21 से

**बीकानेर ।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक एवं संम्बद्ध वेटरनरी कॉलेजों में बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2025-26) में प्रवेश राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट (आर.पी.वी.टी.-2025) के माध्यम से होगा। समन्वयक आर.पी.वी.टी. प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि इस वर्ष स्नातक पाठ्यक्रम (वी.वी.एससी. एण्ड ए.एच.) में प्रवेश हेतु आर.पी.वी.टी. आयोजित की जा रही है जो कि 03 अगस्त को होगी। छात्रों के आवेदन के अनुरूप आ.पी.वी.टी. चार जिलों बीकानेर, जयपुर, उदयपुर एवं जोधपुर में आयोजित की जायेगी। प्रवेश हेतु अभ्यथिर्यों को ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म को बांछित सुचनाओं के साथ पूरा भरकर जमा करवाना होगा। ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म 21 अप्रेल से भरने प्रारंभ हो जाएगे जिसकों जमा करवाने की अंतिम दिनांक 30 मई मध्यरात्री तक है एवं विलम्ब शुल्क के साथ जमा करवाने की अंतिम तिथि 6 जून मध्यरात्री है। परीक्षा शुल्क, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं प्रवेश संबन्धित अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट उपलब्ध है।

### जैन महासभा ने संतों पर सिंगोली में हुए हमले पर जताया कड़ा रोष

**बीकानेर।** मध्यप्रदेश के जावद विधानसभा क्षेत्र के सिंगोली के पास गांव कछौला में जैन संतों पर हुए हमले के विरोध में जैन महासभा के अध्यक्ष विनोद बाफना के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष बाफना ने बताया कि जैन समाज के मुनिराज विहार करते हुए 13 अप्रैल को जावद विधानसभा क्षेत्र में सिंगोली के पास कछोला ग्राम के हनुमान मन्दिर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे। रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों ने उनसे लूटपाट के इरादे से मारपीट की एवं संतों को बुरी तरह से पीटा। इससे जैन समाज में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि संयम, त्याग एवं अहिंसा के सिद्धान्तों को मानने वाले जैन संतों पर ऐसा हमला जघन्य अपराध है। ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार एवं भारत सरकार से आग्रह किया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो। जैन साधु एवं साध्वी राष्ट्रीय धरोहर हैं, इनकी सुरक्षा का जिम्मा भी सरकार का है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वासन दिया कि मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को उनके द्वारा पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल में मंत्री मेघराज बोथरा, पूर्व अध्यक्ष लूणकरण छाजेड़, सहमंत्री विजय बाफना, दूलीचंद बुच्चा उपस्थित रहे।

### दो मैदानों पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बीकानेर।** क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ बीकानेर की ओर से 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर बीकानेर के दो प्रमुख मैदानों सादुल क्लब क्रिकेट मैदान और धरणीधर खेल मैदान में प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संघ के सचिव रतन सिंह ने बताया कि शिविर का संचालन बीकानेर के दो मैदानों पर किया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को तकनीकी कौशल, फिटनेस, बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं फील्डिंग से जुड़ी व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि शिविर में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी सादुल क्लब क्रिकेट मैदान पर कोच अनिल सिडाना और धरणीधर खेल मैदान पर कोच महेन्द्र पुरोहित से संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इस शिविर के माध्यम से युवा खिलार्डि॰यों को न केवल खेल कौशल में निखार मिलेगा, बल्कि उन्हें टीम भावना, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण की सीख भी मिलेगी। यह शिविर बीकानेर के उभरते क्रिकेटर्स के लिए एक शानदार अवसर साबित हो सकता है। खेल प्रेमियों और अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों को इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे आने वाले समय में जिले और राज्य के लिए गौरव बन सकें।

### गर्मी के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग जिले में चलाएगा विशेष अभियान

**बीकानेर,** । गर्मी के मौसम के मद्देनजर आमजन तक सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेस में दिये गये निर्देशों की अनुपालन तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए यह अभियान चलाया जाएगा डॉ. साध ने विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों भानु प्रताप सिंह गहलोत, श्रवण कुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार तथा राकेश कुमार को निर्देशित किया है कि अभियान की अक्षरशः सख्त पालना की जाए तथा आइसक्रीम, शरबत, एडिबल आईस, दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ, मिठाइ्यां, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, जूस, शेक आदि के नमूने प्राथमिकता से लिए जाएं। इसी के साथ डॉ. साध ने समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिए दिशा निर्देश जारी किये हैं।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**नोखा,** यहां स्थित ग्राम बिलनियासर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरादी ढाणियां में पक्षियों के लिए विशेष पहल की गई है। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकिशन गोदारा की देखरेख में पेड़ों पर परिंडे लगाए गए। 'पक्षियों का सहारा' अभियान के तहत यह कदम उठाया गया है। इससे पक्षियों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। शिक्षकों, ग्रामीणों और छात्रों ने मिलकर परिंडे लगाए। छात्रों ने स्वयं इन परिंडों में रोज पानी भरने की जिम्मेदारी ली है। शिक्षिका किरण बाला ने कहा कि पशु-पक्षियों की सेवा सवोच्च सेवा है। उन्होंने ग्रामीणों से भीषण गर्मी को देखते हुए घरों की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की अपील की। कार्यक्रम में कुक कम हेल्पर मुनी कंवर, अभिभावक रामेश्वर लाल मकवाना, कुशलाराम साऊ, कमला देवी और विद्यालय के शिक्षक गण सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियोजन/ 2025/443 | **विज्ञप्ति** | दिनांक : 17/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 2 के भूखण्ड संख्या ME-167 क्षेत्रफल 25'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 23146 दिनांक 26.09.2023 द्वारा श्री सतीश कुमार मुजराल पुत्र श्री चिमन लाल निवासी म.न. 3/13 हाउसिंग बोर्ड, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। उक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड संख्या ME-167 भूखण्ड माप 1500 वर्गफीट का ऑनलाईन नामान्तरण SGNR/FY24-25/MUT/1265 दिनांक 17.02.2025 द्वारा श्री विवेक अग्रवाल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है।

राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियोजन/ 2025/441 | **विज्ञप्ति** | दिनांक : 17/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 2 के भूखण्ड संख्या ME-164 क्षेत्रफल 25'-0'' गुणा 55'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 23145 दिनांक 26.09.2023 द्वारा श्री सतीश कुमार मुजराल पुत्र श्री चिमन लाल निवासी म.न. 3/13 हाउसिंग बोर्ड, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। उक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड संख्या ME-164 भूखण्ड माप 1375 वर्गफीट का ऑनलाईन नामान्तरण SGNR/FY24-25/MUT/1264 दिनांक 17.02.2025 द्वारा श्री विवेक अग्रवाल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है।

राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर